# निवेश प्रस्ताव से अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार : दुर्गा शंकर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश में निवेश का माहौल बना हुआ है। मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित हर सेक्टर में उद्यमियों ने रुचि दिखाई है। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। मुख्य सचिव ने गुरुवार को प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन (10 खरब) डालर बनाने के लिए कार्य कर रहे 10 सेक्टोरल अधिकारियों एवं डेलायट के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर बनाने के लिए रिपोर्ट नहीं प्रभावशाली एक्शन प्लान तैयार करें और निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार केवी राजू, अपर मुख्य सचिव सचिवालय प्रशासन हेमन्त राव आदि उपस्थित थे।